**E-mail**

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**संचिका सं0** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (गया जी) –13/2024 2515 पटना, दिनांक:– 23/07/2026

## आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, गया जी के पत्रांक 1997 दिनांक 08.12.2025 द्वारा सुश्री शिवाली दोहरे (AEN13727), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध दिनांक 05.12.2025 से अपने शिविर में अपना अमीन कीट (आपूर्त्ति विभिन्न सामग्री) को वापस करने एवं कार्य पर उपस्थिति नहीं होने संबंधित आरोप प्रतिवेदित करते हुए संविदा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक 7610 दिनांक 24.12.2025 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी। इनके द्वारा लगभग 6 (छः) माह बाद भी स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर समर्पित नहीं किया गया है।

इतनी लम्बी अवधि के बावजूद भी इनके द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करना, कार्य करने के प्रति रूचि नहीं होना व आदेश की अवहेलना परिलक्षित करता है।

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः निदेशालय आदेश संख्या 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत सुश्री शिवाली दोहरे (AEN13727), विशेष सर्वेक्षण अमीन बन्दोबस्त कार्यालय, गया जी का संविदा नियोजन अनुपस्थिति की तिथि से समाप्त किया जाता है।

Suharsh 22/07/26
(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (गया जी) –13/2024 2515 **पटना, दिनांक** 23/07/2026

**प्रतिलिपि** : सुश्री शिवाली दोहरे (AEN13727), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ प्रेषित।

Suharsh 22/07/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (गया जी) –13/2024 2515 **पटना, दिनांक** 23/07/2026

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 22/07/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (गया जी) –13/2024 2515 **पटना, दिनांक** 23/07/2026

**प्रतिलिपि** : प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

Suharsh 22/07/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप